मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी-मई, 2017 सत्र

दैनिक कार्य सूची

बुधवार, दिनांक 3 मई, 2017 (वैशाख 13, 1939)

समय 11.00 बजे दिन.

1. शपथ.

उप चुनाव में, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 9- अटेर से निर्वाचित सदस्य, श्री हेमन्त सत्यदेव कटारे तथा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 89- बांधवगढ़ (अ.ज.जा.) से निर्वाचित सदस्य, श्री शिवनारायण सिंह 'लल्लू भैया' शपथ लेंगे, सदस्यों की नामावली में हस्ताक्षर करेंगे और सभा में अपना स्थान ग्रहण करेंगे.

2. निधन का उल्लेख.

निम्नलिखित के निधन संबंधी उल्लेख :-

(1) श्री प्रताप सिंह बघेल, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,

(2) श्री विनोद खन्ना, संसद सदस्य,

(3) डॉ. अखिलेश दास गुप्ता, पूर्व केन्द्रीय मंत्री, तथा

(4) छत्तीसगढ़ के सुकमा तथा जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले की कृष्णा घाटी में शहीद जवान.

3. शासकीय विधि विषयक कार्य.

(1) श्री जयंत मलैया, वाणिज्यिक कर मंत्री, मध्यप्रदेश माल और सेवा कर विधेयक, 2017 (क्रमांक 11 सन् 2017) के पुर:स्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुर:स्थापित करेंगे.

(2) श्री जयंत मलैया, वाणिज्यिक कर मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश माल और सेवा कर विधेयक, 2017 (क्रमांक 11 सन् 2017) पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डश: विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

4. संकल्प.

श्री अंतर सिंह आर्य, पर्यावरण मंत्री, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

"सदन का मत है कि माँ नर्मदा नदी मध्यप्रदेश की जीवन-रेखा है और एक जीवित इकाई के रूप में माँ नर्मदा के वैधानिक अधिकारों के संरक्षण हेतु राज्य शासन कृत संकल्पित है.".

ए. पी. सिंह
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 2 मई, 2017